समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# खुशखबरी ! सस्ती हो सकती है CNG और PNG, अगले 2-3 दिनों मे आ सकता है बड़ा ऐलान।

Publisher

Published on 28 Jun 2025



## PNGRB ने यूनिफाइड टैरिफ सिस्टम को दी मंजूरी, दूर-दराज के शहरों मे भी घट सकते है गैस के दाम।

**CNG & PNG Price:** देशभर के गैस उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। **पेट्रोलियम और नैचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (PNGRB) ने नए यूनिफाइड टैरिफ सिस्टम** को मंजूरी दे दी है। इससे उम्मीद की जा रही है कि आने वाले 2-3 दिनों में **CNG और PNG** की कीमतों में कटौती को लेकर बड़ा अपडेट मिल सकता है।

**टैरिफ जोन घटाने की तैयारी**
मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि **PNGRB** अब देश को **3 टैरिफ जोन से घटाकर 2 जोन** में बांटने की योजना पर काम कर रहा है। इससे ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं को **यूनिफाइड टैरिफ सिस्टम** का लाभ मिलेगा।

**एक समान टैरिफ से सबको लाभ**
अब तक **CNG और PNG** की कीमतें इस बात पर निर्भर करती थीं कि उपभोक्ता का इलाका **गैस स्टेशन** से कितना दूर है। दूरी जितनी ज्यादा, कीमत उतनी अधिक।

लेकिन अब **यूनिफाइड टैरिफ** लागू होने के बाद एक ही जोन में सभी उपभोक्ताओं से एक समान रेट वसूला जाएगा। इससे दूर-दराज के इलाकों में गैस सस्ती हो सकती है और आम आदमी को राहत मिलेगी।

**CNG और PNG क्यों है फ़ंायदेमंद ?**

१. **सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक 12 करोड़ घरेलू PNG कनेक्शन और 2025 तक 17,500 CNG स्टेशन खोले जाएं।**

२. **CNG (Compressed Natural Gas) और PNG (Piped Natural Gas) न सिर्फ सस्ती, बल्कि पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है।**

३. **CNG पेट्रोल के मुकाबले किफायती है**

४. **PNG, LPG सिलेडंर के मुकाबले सस्ती और सुविधाजनक है**

५. **पाइपलाइन से सीधी आपूर्ति होने से सिलेडंर की जरूरत नहीं**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.